## एक नजर में



### सजाया सिंधी भगत का दरबार, झूमा समाज

**उज्जैन।** सिंधु सेवा मंडल धर्मार्थ ट्रस्ट एवं पूज्य पंचायत सतराम सिंधी कॉलोनी के संयुक्त तत्वावधान में कटनी की बालक मंडली द्वारा भव्य सिंधी भगत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोवर्धन दास उदासी और दिलीप उदासी ने सिंधी भगत व सुमधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्टदेव भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। संगीतमय भजनों की धुन पर उपस्थित मातृशक्ति और समाजजनों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया और भगवान झूलेलाल की भक्ति में लीन होकर नृत्य किया। आयोजन में संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, गिरधारी लालवानी, नरेंद्र सबनानी, किशोर मुलानी, अशोक उत्तमानी, नानक उत्तमानी, रतनलाल काका, भगवानदास केवलानी, रमेश आहूजा, विक्रम परजवानी, भरत धर्मदासानी, लालू नागवानी, शंकर नागदेवानी, महेश चांदवानी और जेठानंद जयसिंघानी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन एवं महिलाएं उपस्थित थीं। समापन सभी समाजजनों की सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ हुआ।




### नृसिंह घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान तथा गंगा दशमी पर्व के उपलक्ष्य में सोमवार को शासकीय संस्कृत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शिप्रा नदी के नृसिंह घाट क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने घाट क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों को नदियों को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के दौरान आमजन को जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. शर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन के महत्व को समझाया। स्वच्छता और जागरूकता के इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ. श्रेयस कोरान्ने, डॉ. हेमंत शर्मा तथा यश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



### नागचंद्रेश्वर मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ

**उज्जैन।** धर्म प्रचारक संस्थान उज्जैन द्वारा विश्व शांति और धर्म के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सोमवार 25 मई को नागचंद्रेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित सर्व व्याधि हरण हनुमान मंदिर, दमदमा में संगीतमय हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। संस्थान द्वारा उज्जैन के सभी हनुमान मंदिरों में 1008 हनुमान चालीसा संगीतमय पाठ का निशुल्क आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में दमदमा स्थित मंदिर में भक्तों ने 11 बार संगीतमय चालीसा पाठ कर विश्राम किया। सुरेश रायकवार के अनुसार इस अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य विश्व में चल रहे युद्धों को समाप्त करना। इस भक्तिमय आयोजन में देवेंद्र विश्वकर्मा, अनुराग गोम, पंडित दर्पण शर्मा, मनीष बाबा, हर्ष यादव, वैभव वासु, कमल विश्वकर्मा और कौस्तुभ विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित रहे।



### शर्मा को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि

**उज्जैन।** राजधानी दिल्ली में आयोजित विज़नरी डॉक्टरेट अवार्ड समारोह में उज्जैन के अभिनव शर्मा को सिविल कंस्ट्रक्शन के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश से एकमात्र प्रतिभागी के रूप में शामिल होकर उन्होंने उज्जैन सहित पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित समारोह में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें अभिनव ने अपनी विशेष पहचान दर्ज कराई। मुख्य अतिथि के रूप में वर्ष 2001 की पहली मिसेज वर्ल्ड और बॉलीवुड अभिनेत्री डॉ. अदिति गोवित्रिकर, बस्तर सांसद महेश कश्यप, सोनू कुमार झा और शैलवेंद्र गुप्ता उपस्थित थे। जिनके द्वारा अभिनव शर्मा को इस मानद उपाधि से अलंकृत किया गया।

### स्वामी श्रीनिवास आचार्य का स्वागत

**उज्जैन।** बड़नगर रोड स्थित हनुमान गढ़ी के श्री तिरुपति धाम मंदिर में चल रहे 15 दिवसीय श्री सुदर्शन शतकम् अनुष्ठान और महायज्ञ में श्री श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य गादी स्वामी श्रीनिवास आचार्य महाराज कांची से पधारे। उनके आगमन पर रामानुज कोट पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज और तिरुपति धाम के उत्तराधिकारी स्वामी राघवेन्द्राचार्य ने उनका और महाराज श्री बालक स्वामी का स्वागत कर चरण पूजा की।

# मोक्षदायनी मां शिप्रा के जयघोष से गूंजा उज्जैन

## केसरिया ध्वजों के साथ निकली क्षिप्रा परिक्रमा यात्रा, यात्रा का आज होगा समापन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल

**उज्जैन। मोक्षदायनी मां शिप्रा के पावन तट रामघाट से दो दिवसीय क्षिप्रा परिक्रमा यात्रा का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। महाकाल की नगरी आस्था, भक्ति और जनसमर्पण के रंग में रंगी दिखाई दी। केसरिया ध्वजों की छटा, संतों के आशीर्वाद और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच हजारों श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री आज कई विकास कार्यों के भी सौगात देंगे, लोकार्पण और भूमि पूजन कार्यक्रम भी किए जाएंगे।**

करीब 54 किलोमीटर की इस पावन परिक्रमा में 37 तीर्थों का दर्शन कराया जा रहा है। यात्रा में पहले ही दिन 25 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।



### 23 वर्ष से आज तक-100 श्रद्धालुओं से हजारों यात्री

वैभव यादव ने अपने संबोधन में कहा कि 23 वर्ष पहले जो श्रद्धालु हाथ में केसरिया ध्वज लेकर इस यात्रा में चला था, वह आज भी उसी श्रद्धा और आस्था के साथ मां शिप्रा की परिक्रमा कर रहा है। यह यात्रा अब केवल धार्मिक आयोजन नहीं रही, बल्कि संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक चेतना का जनआंदोलन बन चुकी है। क्षिप्रा लोक सांस्कृतिक समिति के माध्यम से पिछले 23 वर्षों से यह यात्रा निरंतर आयोजित की जा रही है। शुरुआत में जहां कुछ सौ श्रद्धालु शामिल होते थे, वहीं अब हजारों लोग इसमें भाग लेकर मां शिप्रा के प्रति अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। संतों ने कहा कि शिप्रा परिक्रमा केवल धार्मिक साधना नहीं, बल्कि जल, जीव और प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी है।

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक यात्रा का उत्साह दिखाई दिया। मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए, श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार, शीतल जल, छांव, कूलर और पंखों की व्यवस्था की गई। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं की बड़ी भागीदारी यात्रा का विशेष आकर्षण रही।

यात्रा के दौरान सांस्कृतिक और भजन संध्याओं का भी विशेष आयोजन किया गया है। दत्त अखाड़ा घाट और रामघाट पर भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां होंगी। प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर अपने दल के साथ भजन प्रस्तुति देंगी। भारतीय नौसेना का वादन दल भी भक्तिमय प्रस्तुति देगा।

### आज आएंगे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मां शिप्रा को 300 फीट लंबी चुनरी अर्पित कर यात्रा का समापन करेंगे। श्रद्धालुओं का कहना है कि सिंहस्थ 2028 से पहले निकली यह क्षिप्रा परिक्रमा यात्रा किसी लघु सिंहस्थ से कम नहीं दिखाई दे रही। जनभागीदारी का ऐसा अद्भुत संगम वर्षों बाद उज्जैन में देखने को मिला है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा से लेकर लगाकर सभी अधिकारियों द्वारा यात्रा की तैयारी की गई है साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन को लेकर भी व्यवस्था की गई है।

## केन्द्रीय जेल में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**उज्जैन।** केन्द्रीय जेल अधीक्षक मनोज कुमार साहू ने बताया कि गत दिवस केन्द्रीय जेल में इन्दौर सेवा समिति एवं उज्जयिनी सेवा समिति द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर अरबिन्दो नेत्र चिकित्सा महाविद्यालय एवं श्रीमती पार्वतीदेवी जयरामदास जी पटेल पारमार्थिक ट्रस्ट मध्यप्रदेश के सहयोग से आयोजित हुआ। शिविर के अंतर्गत नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण किया गया।



अरबिन्दो नेत्र चिकित्सा कॉलेज के चिकित्सकों की टीम द्वारा कुल 199 लोगों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें 188 बंदी एवं 11 स्टॉफ सदस्य शामिल रहे। परीक्षण के दौरान 148 पास के तथा 19 दूर के चश्मों के नम्बर दिए गए, वहीं 24 बंदियों को ऑपरेशन की सलाह दी गई।

चिकित्सकों द्वारा परामर्शित चश्मों का वितरण पार्वतीदेवी जयरामदास जी पटेल पारमार्थिक ट्रस्ट मध्यप्रदेश के सहयोग से नि:शुल्क किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर केन्द्रीय जेल अधीक्षक द्वारा उपस्थित समिति सदस्यों एवं चिकित्सकों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जसमन सिंह डावर जेल उप अधीक्षक, सुरेश गोयल सहायक अधीक्षक, जेल चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ सहित बड़ी संख्या में जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## सीईओ जिला पंचायत ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

- बैठक में पीएचई के 300 लंबित प्रकरण शीघ्र निराकरण के निर्देश

**उज्जैन।** सोमवार को सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट द्वारा प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान उच्च शिक्षा विभाग, नगर निगम, पीएचई की 300 दिवस से अधिक शिकायतें लंबित पाए जाने पर उनका निराकरण तेज गति से करने के निर्देश दिए गए।

### पौधारोपण करने के पूर्व गड्ढों की खुदाई करें

बैठक में बताया गया कि आगामी 29 मई को आयोजित होने वाली कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस में उपार्जन, विस्फोटक अधिनियम, मानसून की पूर्व तैयारी, जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत ने जल संचय, जन भागीदारी, पौधारोपण की समीक्षा की गई। जहां-जहां पौधे लगाए जाने है वहां गड्ढों की खुदाई पहले से कर ली जाए।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि मंगलवार 26 मई से प्रति दिन प्रात: 10 बजे पीएचई विभाग के साथ पेयजल संबंधी शिकायतों की समीक्षा बैठक की जाएगी। सीईओ जिला पंचायत ने निर्देश दिए कि वर्तमान में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल प्रदाय को लेकर सभी गंभीरता से कार्य करें, कहीं भी पेयजल संबंधी शिकयतें नहीं आना चाहिए। शिकायत मिलने पर इसका त्वरित निराकरण किया जाए।

## बदमाश ने खरगोन से खरीदा था कट्टा

**उज्जैन।** फर्जी गोलीकांड में फरार 10 हजार के इनामी कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर को 40 दिन बाद पुलिस ने जिंदा कारतूस और देशी कट्टे के साथ हिरासत में लिया था। जिससे रिमांड पर पूछताछ की गई। उसने कट्टा खरगोन से खरीदना बताया। सोमवार को रिमांड खत्म होने पर बदमाश को जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना एसआई आरआर चौहान ने बताया कि ढांचा भवन में 12 अप्रैल की रात फर्जी गोलीकांड में अतिक माहूरकर घायल हुआ था। जिसने पूछताछ में गोली मारने का आरोप आला बाथम पर लगाया था, लेकिन जांच में पूरा मामला झूठा साबित हुआ था और गोलीकांड का षडयंत्र कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर की साजिश होना सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 40 दिन बाद हिरासत में आने पर बदमाश के पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिला था।

### कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड लिया है

अवैध हथियार का पता लगाने के लिये रौनक गुर्जर को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान सामने आया कि देशी कट्टा खरगोन से खरीदा गया था। पुलिस ने खरगोन में कट्टा और कारतूस उपलब्ध कराने वाले की तलाश की लेकिन जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। बदमाश रौनक का सोमवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

## चैकिंग देख आभूषणों का बैग फेंक भाग निकले बदमाश

- शिवधाम कॉलोनी के दो मकान में हुई थी चोरी

**उज्जैन।** दिनदहाड़े दो मकान का ताला तोड़कर भाग रहे कंजर गिरोह के बदमाशों को पुलिस ने चैकिंग में पकड़ने का प्रयास किया लेकिन दोनों भाग निकले इस दौरान एक मकान से हुई चोरी के आभूषण का बैग बदमाशों ने फेंक दिया था। जिसे पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर ली है जिनकी तलाश में दबिश जा रही है।

नागझिरी थाना क्षेत्र की शिवधाम कॉलोनी में दिनदहाड़े प्रशांति धाम कॉलेज के प्रोफेसर अजहरुद्दीन सिद्दीकी और उनके घर के समीप रहने वाले राम सहारे के यहां चोरी की वारदात हो गई थी। बदमाशों ने ताले तोड़कर आभूषण और नगदी चोरी किए थे। वारदात के समय दोनों मकान सुने पड़े थे। वहीं दोपहर में पुलिस वाहन चैकिंग कर रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार दो व्यक्तियों को रोकने का प्रयास किया गया। दोनों ने भागने की कोशिश की पुलिस ने पकड़ने के लिए दौड़ लगाई तो पीछे बैठे एक बदमाश ने बैग फेंक दिया और भाग निकले। पुलिस ने बैग देखा तो उसमें चांदी के कुछ आभूषण भरे हुए थे। पुलिस ने जान शुरू की तो शाम को पता चला कि शिव धाम कॉलोनी में दो मकान के बदमाशों ने ताले तोड़े हैं। आभूषण का बैग मिलने पर पुलिस ने दोनों परिवारों को बुलाया गया। आभूषण की पहचान राम सहारे द्वारा कर ली गई। बदमाशों ने उनके घर से चोरी किए थे। थाना प्रभारी कमल निगवाल बताया कि अजहरुद्दीन सिद्दीकी के यहां जांच के दौरान सामने आया कि बदमाशों ने 30 हजार रुपए और 7 से 8 लाख रुपए के आभूषण चोरी किए हैं। राम सहारे के यहां चोरी करने वालों ने ही अजहरुद्दीन सिद्दीकी के मकान में भी चोरी की थी। चैकिंग में भागे बदमाशों की पहचान शुरू की, जो कंजर गिरोह के होना सामने आए हैं। बदमाशों के भागने वाले रूट को ट्रेस किया जा रहा है। दोनों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर आभूषण बरामद किए जाएंगे।

### दो बच्चों की मां ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

उज्जैन। रविवार सुबह महिला ने जहर खा लिया परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान शाम को मौत हो गई। सोमवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है फिलहाल महिला द्वारा उठाए गए कदम की वजह सामने नहीं आ पाई है। माधव नगर थाना क्षेत्र के मक्सी रोड स्थित अंजू श्री कॉलोनी में रहने वाली सोनू पति जितेंद्र तोमर 30 साल को परिजनों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उपचार के दौरान देर शाम सोनू की मौत हो गई। सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि सोनू दो बच्चों की मां थी और पति रिक्शा चलाता है। सोनू का मायका खरगोन में है। सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग भी आज सुबह अस्पताल पहुंच गए थे। उन्होंने भी किसी तरह का आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया। ससुराल पक्ष के लोगों का कहना था कि घर में किसी प्रकार का कोई वाद विवाद नहीं था सोनू ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस जांच के बाद ही जहर खाने का कारण सामने आएगा।

## 120वें स्थापना दिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श सेवा

**उज्जैन।** अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन नई दिल्ली के 120 वें स्थापना दिवस पर प्रांतीय शाखा मध्य प्रदेश एवं जिला शाखा उज्जैन के आव्हान पर उज्जैन शहर के सभी आयुर्वेद परामर्श केंद्रों पर 24 मई के दिन नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श सेवा प्रदान की।

इस स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर समारोह पूर्वक एक आयोजन किया गया। जिसमें संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति पांचाल ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. विनोद



### इन चिकित्सकों को किया सम्मानित

इस अवसर पर अतिथियों ने शहर के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सकों डॉ. मणींद्र व्यास, डॉ. राजेश जोशी, डॉ. रंजन त्रिवेदी, डॉ. राम अरोरा, डॉ.ओपी पालीवाल, डॉ. ईश्वर सिंह सिसोदिया, डॉ. अनिल सराफ, डॉ. नवीन खेड़े, डॉ. राजेश त्रिवेदी आदि को सम्मानित किया गया।

बैरागी ने देश के सबसे बड़े और सबसे पुराने इस राष्ट्रीय संगठन के बारे में बताते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना वर्ष 1907 में की गई, प्रतिवर्ष यह स्थापना दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर डॉ. नवीन खेड़े ने मूत्राश्मरी पर अपना व्याख्यान दिया।

अध्यक्षता अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. एसएन पांडे ने संगठन के विस्तार और विभागीय विकास के बारे में विस्तार से परिचित कराया गया। संचालन जिला सचिव डॉ. भावनेश शंकर जोशी किया और आभार प्रांतीय सचिव डॉ. अजय कीर्ति जैन ने माना।

## युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन आज

**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई संस्थान के तत्वावधान में 26 मई को प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मक्सी रोड ब्रिज के नीचे उज्जैन में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेला, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला लगाया जाएगा।

रोजगार मेले में टीएस सीएफएम (सेज फाउंडेशन) इंदौर, एआई एसेक्ट लिमिटेड इंदौर, भागीरथ मोटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, कटारिया ग्रुप उज्जैन, न्यूजील फैशन बेयर प्राइवेट लिमिटेड बदनावर, एसबीआई लाइफ उज्जैन, पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, प्रतिभा स्वराज प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, बेस्ट लाइफस्टाइल अपैरल प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, वीजेए एग्रो बायोकेयर प्राइवेट लिमिटेड भोपाल, ब्रांड कॉन्सेप्ट्स लिमिटेड उज्जैन, यशस्वी स्किल्स लिमिटेड पीथमपुर, वीईसीबी पॉवरट्रेन पीथमपुर, अबन बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, कृषि दर्पण एग्रो प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन, राज श्रीलक्ष्मी एंटरप्राइजेज एलएलपी उज्जैन, क्वालिवेन ऑनलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, नंदलाल विश्वकर्मा उज्जैन, लक्ष्य एंटरप्राइजेज उज्जैन, मेटल फोर्जर एंड फैब्रिकेटर्स उज्जैन, नॉक्स विंड लिमिटेड बड़वानी तथा सिम्बायोटेक जेनफोल्ड प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन सहित कई प्रतिष्ठित कम्पनियां शामिल होंगी।

संतों का स्नान ▶ हरि गिरि महाराज, पायलट बाबा की शिष्या सहित देश-विदेश से आए

## अखाड़ा परिषद अध्यक्ष सहित महामंडलेश्वरों ने किया शिप्रा स्नान



**उज्जैन।** गंगा दशहरा पर सोमवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज सहित अनेक साधु-संत, महंत व महामंडलेश्वरों ने एकत्रित होकर सामूहिक रूप से नहान किया।

संतों ने शिप्रा में डुबकी लगाई व पूजन-अर्चन भी किया। इस दौरान अखाड़ा परिषद के महामंत्री हरि गिरि महाराज, पायलट बाबा की शिष्या किकोआइकवा सहित जापान से आए अनेक धर्मानुयायियों भी शामिल हुए। आम श्रद्धालुओं ने भी गंगा दशहरा पर्व पर शिप्रा स्नान कर दान-पुण्य किया। महंत हरि गिरि महाराज ने गंगा दशहरे पर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ-2028 के लिए विकास कार्य कर रहे हैं। मां शिप्रा भी जल्द स्वच्छ और निर्मल हो उसकी प्रार्थना करते हैं।

अखाड़ा परिषद के उज्जैन में प्रवक्ता डॉ. गोविंद सोलंकी, डॉ. राहुल कटारिया ने बताया कि गंगा दशहरा पर दत्त अखाड़ा से घाट तक चल समारोह भी निकाला गया। यह चल समारोह विभिन्न मार्गों से होते हुए दातार अखाड़ा पर संपन्न हुआ। अधिक मास होने के कारण इस बार पारंपरिक संत पेशवाई नहीं निकाली गई, हालांकि घाटों पर दिनभर स्नान, पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक आयोजन जारी रहे।

### परिक्रमा यात्रा में स्काउट-गाइड का सेवाकार्य

**उज्जैन।** मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा में इस वर्ष भी भारत स्काउट एवं गाइड जिला उज्जैन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सराहनीय सेवाकार्य किया गया। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मई से आयोजित यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं का रामघाट स्थित शिप्रा तट पर कार्य किया गया। रमेशचंद्र शर्मा के निर्देशन में लगभग 100 स्काउटर-गाइडर, रोवर-रेंजर एवं ओपन यूनिट्स के सदस्यों ने सेवाएं प्रदान करते हुए पंजीयन एवं व्यवस्था संबंधी कार्य संपादित किए।

## चिमनगंज थाने का घेराव, दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच

- आरोपी के नहीं मिलने पर चाचा और
- भाई के साथ हुई थी मारपीट

**उज्जैन।** आरोपी के नहीं मिलने पर चाचा और भाई से मारपीट के मामले में सोमवार सुबह तूल पकड़ लिया। चिमनगंज थाने का घेराव हुआ तो मारपीट करने वाले दो पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया गया।

आगर रोड स्थित शहीद नगर में रविवार देर रात पवन डागर और प्रकाश सिंह के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई। प्रकाश सिंह ने चिमनगंज थाने में पवन डागर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस पवन डागर को पकड़ने उसके घर पहुंची, लेकिन वह वहां नहीं मिला। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने पवन के चाचा योगेश डागर और छोटे भाई दीपेश डागर के साथ बेरहमी से मारपीट की। परिजनों का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचीं महिलाओं के साथ भी धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। बाद में पुलिस दोनों को थाने ले आई और हिरासत में रखा। थाने का घेराव होने की खबर मिलते ही सीएसपी पुष्पा प्रजापति चिमनगंज थाने पहुंची। उन्होंने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और मामले से पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दो पुलिसकर्मियों अभिषेक राठौर और जगदीश गेहलोत को लाइन अटैच कर दिया, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। वही हिरासत में लिए गए योगेश डागर को भी छोड़ दिया गया।

### शहर कांग्रेस अध्यक्ष भाटी ने भी पहुंचे

सुबह कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय और बड़ी संख्या में परिजन थाने पहुंच गए। सभी ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी ने आरोप लगाया कि विवाद में कार्रवाई करना पुलिस का अधिकार है, लेकिन पीएचई कर्मचारी योगेश डागर के साथ जिस तरह मारपीट की गई, उससे उसके हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं।